भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अंतारांकित प्रश्न संख्या: 928
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 29 जुलाई, 2024
07 श्रावण 1946 (शक)

एएसआई द्वारा कीलाडी (तमिलनाडु) में उत्खनन

928. **श्री सेल्वाराज वी.:**
श्री सुब्बारायण के.:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) एएसआई द्वारा कीलाडी (तमिलनाडु) में उत्खनन के कितने चरण पूरे किए गए हैं और कब तक पूरा हो जाएगा;
(ख) क्या उत्खनन की रिपोर्ट एएसआई को प्रस्तुत की गई है;
(ग) यदि हां, तो क्या एएसआई ने रिपोर्ट प्रकाशित की है;
(घ) यदि हां, तो रिपोर्ट का ब्यौरा क्या और तत्संबंधी प्रति प्रदान करें;
(ड.) क्या एएसआई ने कीलाडी उत्खनन के निष्कर्षों की कार्बन डेटिंग की है;
(च): यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(छ): यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने फील्ड सत्र 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के लिए तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के कीलाडी में पुरातत्वीय उत्खनन किया है।

(ख): फील्ड सत्र 2014-15 और 2015-16 के लिए कीलाडी में उत्खनन के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है।

(ग) और (घ): फील्ड सत्र 2014-15 और 2015-16 की पुनरीक्षित रिपोर्ट प्रतिक्षित है।

(ड.) और (च): कीलाडी उत्खनन से प्राप्त कई नमूनों की कार्बन डेटिंग की गई थी और तिथियों की अवधि 280 ईसा पूर्व से 680 ईसवी तक की हैं।

(छ): प्रश्न नहीं उठता।

*****